Need to expedite works on NH No. 351 - laid

श्री नारणभाई काछड़िया (अमरेली): मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग- 351 के पैकेज-2 से जुड़ा है। जो गाँव बाढ़डा से गाँव गावडका को जोड़ता है । इस राष्ट्रीय राजमार्ग को टू-लेन से फोरलेन में परिवर्तित करने की अनुमति काफी समय पहले ही मिल चुकी थी, लेकिन अब तक इसका एलाइनमेंट कार्य चल रहा है और इसके बाद भूमि अधिग्रहण का कार्य भी होना बाकि है। इस प्रोजेक्ट के लंबित पड़े एलाइनमेंट कार्य के धीमी गति से चलने के कारण यह प्रोजेक्ट और ज्यादा विलम्बित हो रहा है। जनता द्वारा इस की कई वर्षों से पुरानी मांग है और इस प्रोजेक्ट से जनता को पूरी उम्मीद है की यह राजमार्ग फॉर-लेन में परिवर्तित किये जाने से यातायात और बेहतर होगा । अतः मेरा माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि इस कार्य की गति में तेजी लाने के लिए उचित कार्यवाही करने की कृपा करें, जिससे यह प्रोजेक्ट जल्द से जल्द पूरा हो सके।